दी जानकारी• कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था प्रशिक्षुओं को समाज से जोड़ना

# आंगनबाड़ी पहुंचे बच्चों से मिले बीएड प्रशिक्षु

भास्कर न्यूज | पूर्णिया

मिल्लिया फखरूद्दीन अली अहमद बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रामबाग के बीएड सत्र 2024-26 के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने शनिवार को नगर निगम वार्ड-20 राजनगर एवं वार्ड 30-31 रामबाग के आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया।

प्रशिक्षु पर्यवेक्षक सहायक प्राध्यापक प्रवीण कुमार सिंह और राजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंचे। अवलोकन के दौरान प्रशिक्षुओं ने छोटे बच्चों से बातचीत की। उनकी भाषा समझने का प्रयास किया। बच्चों के बीच चॉकलेट, बिस्कुट, फल और मिठाई बांटी। प्रशिक्षुओं ने केंद्र की सेविका सोनी देवी एवं किरण कुमारी से सरकार की योजनाओं की जानकारी ली तथा केंद्र में अबोध बच्चों को किस प्रकार से कंट्रोल किया जाता है, समझने का प्रयास किया। सेविकाओं ने प्रशिक्षुओं को बताया गया कि बच्चों को सप्ताह के सातों दिन तय मेन्यू के अनुसार नाश्ता और भोजन दिया जाता है। प्रशिक्षुओं ने सरकार की सुविधाओं की सराहना की। प्राचार्य डॉ. शहवाज रिजवी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को समाज से जोड़ना था। उन्हें यह समझाना अति आवश्यक था कि सरकार तो दबे कुचले, गरीब लोगों के लिए योजना लागू करने का माध्यम कैसे बनाती है।




समेकित बाल विकास परियोजना में बच्चों के साथ बीएड प्रशिक्षु।

Page No - 18

दैनिक भास्कर, भागलपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025

